तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

11 डिवाइडर में मलमा डालकर लगा दिए पौधे, अब केवल...


12 राकेश वाचस्पति सारस्वत सम्मान से हुए सम्मानित




।।बाबा ॐ श्री शिव।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से यूक्त मशीन
सोने की शूद्धता एवं कैरेट की जांच
निःशुल्क सोने की शूद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना


अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप


## खबर संक्षेप

### राज्यपाल रमेन डेका आज जिला प्रवास पर



■ आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 24 दिसंबर को गरियाबंद जिला प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्री डेका सुबह 11:30 बजे छुरा विकासखंड अंतर्गत नवापारा कोसमी स्थित आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात 12:30 बजे आईएसबीएम यूनिवर्सिटी से राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नए सीईओ श्वेता ने किया पदभार ग्रहण

**मैनपुर।** जिले के विकासखंड मैनपुर अंतर्गत जनपद पंचायत में नव पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ने पदभार ग्रहण किया साथ ही जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतो में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों एवं योजनाओं के संबंध मे जानकारी ली। श्वेता वर्मा ने कहा की शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ धरातल में ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मिले इसके लिए विशेष प्रयास किया जायेगा। उन्होने चर्चा में बताया जनपद पंचायत के माध्यम से चल रहे सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर पुरी गुणवत्ता के साथ पूरा करना और जनपद पंचायत के अंतिम छोर तक के गांव में पहुंचकर शासन की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।



### मधुबन में सांई जन्मोत्सव कल

**नवापारा-राजिम।** 25 दिसंबर को राकांडीह-मधुबन के सांई मंदिर में जन्मोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। डॉ. वशिष्ट पन्नालाल साहू ने बताया कि सुबह 6 बजे महाभिषेक, 7 बजे आरती, दोपहर 12 बजे हवन-पूजन यक्ष, शाम 6 बजे आरती व दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक राजेंद्र साहू, ललित साहू, चंद्रकुमार कुसेरा वाले द्वारा सांई प्रसाद व भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में धमतरी वाले आचार्य राघव वैष्णव मौजूद रहेंगे।

## कार्रवाई : अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, कहा - कार्रवाई जारी रहेगी

# रेत और चूना पत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त दस वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर 19 और 20 दिसंबर को की गई कार्रवाई में 10 वाहनों को जब्त किया गया। ये वाहन अवैध रूप से रेत और चूना पत्थर का परिवहन कर रहे थे। प्रशासन की टीम ने फिंगेश्वर, चौबेबांधा, पाथरमोंहदा और गरियाबंद के विभिन्न क्षेत्रों में यह कार्रवाई की। फिंगेश्वर के सूखा नदी क्षेत्र से तीन वाहनों को पकड़ा गया, जिनमें दो वाहन सादाब अहमद दुर्ग और एक वाहन बसंत निषाद आरंग का पाया गया। चौबेबांधा के पैरी नदी क्षेत्र में दो वाहन पकड़े गए, जो क्रांति कुमार ताम्रकार गंडई और देवेंद्र साहू नंदिनी के थे। इसी तरह, पाथरमोंहदा में मोहम्मद रिजवान गरियाबंद का वाहन जब्त किया गया। वहीं, गरियाबंद क्षेत्र में चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए चार वाहनों को पकड़ा गया, जिनके मालिक रायपुर के नरेश साहू, अनुज गुप्ता, विकास गोदवानी और शंकर साजिदा हैं। सभी जब्त वाहनों को संबंधित पुलिस थानों की अभिरक्षा में रखा गया है और छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया।



### अवैध खनिज खनन पर कार्रवाई जारी

इस कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी एफ.एल नागेश, नगर सैनिक राजेश भारद्वाज और लाकेश साहू सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

### चौबेबांधा और फिंगेश्वर में रेत माफिया सक्रिय

हालांकि, प्रशासन की कार्रवाई तेज है, लेकिन पैरी नदी और अन्य इलाकों में अवैध रेत खनन अब भी चुनौती बना हुआ है। रात के अंधेरे में कुरुषकेरा, चौबेबांधा, फिंगेश्वर और आसपास के क्षेत्रों में रेत माफिया सक्रिय हैं। खनिज विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी कई बार इन इलाकों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे अवैध खनन जारी है।

# पंचायत चुनाव : आरक्षण प्रक्रिया के लिए तिथियां तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ 28-29 दिसंबर को होगा आरक्षण का निर्धारण

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण प्रक्रिया को लेकर राज्य शासन ने संशय की स्थिति समाप्त कर दी है। पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया 23 से 30 दिसंबर के बीच पूरी करने का आदेश जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए 28 और 29 दिसंबर की तिथियां निर्धारित की हैं। 28 दिसंबर को जिले के सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सरपंच और पंच पदों के लिए प्रवर्गवार (सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग) एवं महिलाओं के आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा।

29 दिसंबर को जिला पंचायत के सदस्य और जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्यों के लिए प्रवर्गवार एवं महिलाओं के लिए आरक्षण का निर्धारण होगा।



### चुनाव तिथि पर संशय बरकरार

हालांकि आरक्षण प्रक्रिया की तिथियां तय कर दी गई हैं, लेकिन पंचायत चुनाव की तिथियों की घोषणा अभी भी राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से प्रतीक्षित है। इस प्रक्रिया के बाद जिले में पंचायत चुनावों की तैयारी और गति पकड़ेगी। जनता को अब आरक्षण प्रक्रिया के परिणामों का इंतजार है, जो आगामी चुनाव की दिशा तय करेगा।

### प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति

आरक्षण प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने संबंधित जनपद पंचायतों के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिसमें गरियाबंद जनपद पंचायत अर्पिता पाठक अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व छुरा जनपद पंचायत राम सिंह सोरी अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, फिंगेश्वर जनपद पंचायत विशाल महाराणा अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, मैनपुर जनपद पंचायत पंकज डाहिरे अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, देवभोग जनपद पंचायत तुलसीदास मरकाम अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व।

# प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में किसान जला रहे पराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र सहित अंचल में फसल ठूंठ यानी पैरा या पराली जलाने की प्रवृत्ति हर क्षेत्र में बढ़ी है। जबकि प्रशासन द्वारा लगातार समझाइश दी जा रही है कि पैरा न जलाएं, इससे मिट्टी की उत्पादकता खराब होती है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है।



क्षेत्र में पिछले पखवाड़े से पैरा जलाने की कार्य चल रहा है। इसे देखते हुए ▶▶|शेष पेज 10 पर

# लोगों को हितग्राहीमूलक योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर की मौजूदगी में जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

जिले में 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिले के गांवो में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा लगातार राजस्व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न विभागो के अधिकारी- कर्मचारी गांव-गांव पहुंचकर लोगों को हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सुशासन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुशासन सप्ताह की महत्ता बताई। साथ ही सभी अधिकारियों को सुशासन के महत्व को समझाते हुए समय प्रबंधन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशासन के सभी अधिकारियो को लोगों तक पहुंचकर ▶▶|शेष पेज 10 पर



# शहर में 31 को 11 निर्धन बेटियों का होगा सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

■ घर-घर पहुंचाया जा रहा आमंत्रण

श्री सालासर सुन्दकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति इस बार निर्धन परिवार के 11 बेटियों का सामुहिक विवाह का आयोजन करने जा रहा है। संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, तारिणी शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का आमंत्रण शहर के एक-एक घरो में एक-एक दुकानो में दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नगरवासियों, क्षेत्रवासियो एवं श्रीराधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट का भरपूर सहयोग मिल रहा है। श्री काबरा ने बताया कि ऐसी बेटियों का विवाह होने जा रहा है जिनके पास संपत्ति के नाम पर कुछ भी नहीं है, कुछ के तो माता-पिता भी नहीं है, और सभी बेटियां नवापारा तथा आस-पास के गांवो की है। इन्हें शादी में उपहार स्वरूप घर परिवार का हर समान सबके सहयोग से दिया जावेगा। कार्यक्रम की तैयारी में दोनों समिति के धरम साहू, सुमित पंजवानी, नंदकिशोर राठी, मोहन पंजवानी, रूपेंद्र चन्द्राकर, नेमी, गुलाब,साहू, ओमप्रकाश, खिलेश, चैतन्य, राजकुमार, आरती काबरा, सरिता सिंग, भारती, मोहिनी, पिंकीं, तुलसी, ▶▶|शेष पेज 10 पर



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468


प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदान व्यवस्था
9926133072

## खबर संक्षेप



### पाटसिवनी में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनामी समाज पाटसिवनी द्वारा गुरु घासी दास पर्व समारोह बड़े धूमधाम धाम से मनाई गई। गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा अर्चना के पश्चात पंथी नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों सहित आस पास के गाँव के लोगों ने बढ़कर हिस्सा लिया।

### मड़ई 28 को

**सुरसाबांधा।** समीपस्थ ग्राम कुरूसकेरा में 28 दिसंबर को ग्रामवासियों के सहयोग से मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा। चमन साहू ने बताया कि रात्री में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढी नाचा पार्टी कका भतीजा नाचा पार्टी सराईपाली (कोमाखान) का कार्यक्रम रखा गया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**महासमुंद।** गुडरूपारा में रहने वाले अपने दोस्त से मिलने गए युवक के साथ कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। पुलिस को पुराना सरकारी अस्पताल के पीछे रहने वाले ओम साहू ने बताया कि 22 दिसंबर को अपने दोस्त से मिलने उसके घर गुडरूपारा गया था। वापस लौटने के दौरान आम गली में आरोपी भोंदू उर्फ मनोज यादव, सोमू साहू, पुलश्य यादव व राहुल यादव ने एक राय होकर पुरानी रंजिशवश गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। बीच बचाव करने आए मेरे दोस्त रिंकू साहू के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### महासमुंद बना टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का अग्रणी जिला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत महासमुंद जिले की 292 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस अद्वितीय उपलब्धि के साथ महासमुंद जिले ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता और टीम वर्क का प्रतीक है। मेडिकल कॉलेज रायपुर के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महासमुंद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीएमएचओ डॉ. कुदेशिया ने इस उपलब्धि के लिए जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों और अन्य सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया।

# सात दिवसीय शिविर में एनएसएस के छात्रों ने जीवन जीने की सीखी अहम शैली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

यूथ फॉर माय भारत और डिजिटल लिटरेसी पर आधारित राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय शिविर में डीएव्ही स्कूल के छात्रों ने विविध आयोजन कर जीवन जीने की अहम शैली सीखा। समापन समारोह में धौराकोट सरपंच ने भी कहा छात्रों ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर द्वारा धौराकोट पंचायत में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया था। सोमवार को इस आयोजन का समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि धौराकोट सरपंच ओंकार लाल सिन्हा ने सात दिवसीय में छात्रों द्वारा ग्राम में रहकर किए गए कई प्रेरणात्मक, रचनात्मक और जागरूकता अभियान के लिए शिविरार्थी छात्रों का आभार जताया। आयोजन में अतिथि के रूप में पधारे गोहरापदर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर टीएस सोनवानी, मोटीवेटर दयासागर साहू ने भी रासेयो के इस शिविर को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया। डिजिटल लिटरेसी पर डॉक्टर सोनवानी ने प्रभावी उद्बोधन देकर छात्रों को कई अहम जानकारी दी। अध्यापन के अलावा रासेयो की गतिविधियो से मिली सीख को जीवन भर काम आने वाली पूंजी बताया। समारोह में कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार साहू, शिक्षिका वैजयंती निषाद उपस्थित रहे शिविर के सफल संचालन के लिए संस्था के प्राचार्या सुमिता सिंह ने ग्राम सरपंच एवम समस्त अतिथि का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन शिक्षक अजय कश्यप द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन




### यूथ फॉर माय भारत थीम पर आयोजित हुआ शिविर

यह सात दिवसीय शिविर यूथ फॉर माय भारत और डिजिटल लिटरेसी थीम पर था। साइबर क्राइम, तनाव प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास पर बौद्धिक चर्चा किया गया वही महापुरुष की जीवनी पर आधारित नाट्य,नशा मुक्ति, रोड सेफ्टी, स्वच्छता जागरूकता रैली, सफाई अभियान जैसे कार्य संपन्न किया गया। शिविर सफल बनाने में स्वास्थ्य,पुलिस विभाग का भी विशेष योगदान रहा।

## कार्यक्रम : मानिकचौरी में हुआ भूमिपूजन, लोकार्पण एवं किसान सम्मान समारोह

# धान बेचने आए किसानों को न हो किसी प्रकार की असुविधा : विधायक इंद्रकुमार






**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**

सोमवार को अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू के मुख्य आतिथ्य और अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज की अध्यक्षता में ग्राम मानिकचौरी के हाई स्कूल मैदान में भूमिपूजन, लोकार्पण एवं किसान सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन हुआ। इस आयोजन में पहुंचे तीनों अतिथियो का किसानों एवं ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मानिकचौरी के प्राधिकृत अधिकारी भोजराम साहू एवं जामगांव के प्राधिकृत अधिकारी किशन सिन्हा को पदभार ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू ने नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों का पुष्प हार से आत्मीय स्वागत भी किया और कहा कि आप लोगो के जिम्मे इन दोनों सोसायटियों का भार है। यहां किसानों को किसी भी प्रकार से धान बेचने में असुविधा न हो इस बात का ध्यान रखना है। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जा रही है। धान बेचने के लिए आने वाले किसानों का ध्यान रखे, किसी भी प्रकार से असुविधा उन्हें न हो।

### विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

कार्यक्रम के शुरूआत में विधायक इंद्रकुमार साहू ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला खनिज न्यास सदस्य मुकेश ढीढी, परदेशी राम साहू, प्रवीण बजाज, बिहारी साहू, राघवेंद्र साहू, किशोर साहू, टीकमचंद साहू, हेमलता साहू, सौरभ सिंटू जैन, भूपेंद्र सोनी, फेकनू साहू, ईश्वरी देवांगन, राजेश निषाद, इंद्रसेन साहू, झाड़ू राम सिन्हा, सुमित सिन्हा,मानिकचौरी समिति के प्रबंधक राजेश कुमार निषाद, जामगांव समिति के प्रबंधक इंद्रसेन साहू सहित बड़ी संख्या में किसान भाई मौजूद थे। विधायक इंद्रकुमार साहू ने किसानों का सम्मान शाल श्रीफल भेंट कर किया। अतिथियों का स्वागत सम्मान प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर किया गया।

# गुरु का अवतरण समाज कल्याण के लिए : गुरुजी



जय नगर में मनाई गई गुरु घासीदास बाबा की जयंती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

संजय नगर में परम पूज्य गुरु बाबा घासीदास की 268 वीं जयंती पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दोपहर 3:00 बजे सर्वप्रथम सत के गोहार बालक बालिका पंथी नृत्य पार्टी बावनकेरा महासमुंद के साथ सतनाम समाज के सदस्यों द्वारा शोभा यात्रा वार्ड में निकाली गई तथा वार्ड भ्रमण किया गया संध्या 5:00 बजे संजय निराला के नेतृत्व में श्वेत जैत खाम पर फॉलो चढ़ाया गया। अतिथि के रूप में पार्षद हरीश यादव एवं रजनी लहरे मंच में आसीन हुए। हरीश यादव ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सात सिद्धांतों के माध्यम से मानव समाज को समरसता का सिद्धांत दिया। पश्चात पंथी नृत्य दल द्वारा आकर्षक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। हीरालाल गुरुजी ने कहा कि गुरु किसी एक वर्ग समुदाय का नहीं होता उनका अवतरण सर्व मानव जाति के कल्याण के लिए होता है। अपने वाणी से सत का मार्ग दिखाते है गुरु घासीदास का उपदेश मनखे-मनखे एक समान समाज में एकता समानता का अर्थ लिए हुए है इसी प्रकार बैडमिंटन ग्रुप संजय नगर के अध्यक्ष यशवंत सिन्हा ने गुरु के जन्म के समय की परिस्थितियों और उनके विचारों को अवगत कराया। कार्यक्रम में शीतल ध्रुव समाजसेवी बैडमिंटन ग्रुप के सचिव पूरन निषाद सदस्यगण त्रिलोचन साहू, पंकज साहू, गोरेलाल जानसन, अश्वनी साहू आदि मंचस्थ हुए। कार्यक्रम में सतनामी समाज संजय नगर अध्यक्ष नंद झरोखा कुर्रे, राजकुमार लहरे, सचिव संजीव निराला, कोषाध्यक्ष उमेश ढीढी, उपाध्यक्ष व सदस्यगण एडी अजगले, रामचरण उपस्थित रहे। सभी के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई थी।



### कांग्रेसियों ने अमित शाह के बयान की निंदा की

**फिंगेश्वर।** अंचल के लोगों में राष्ट्र के पुरोधा एवं संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के प्रति केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा उपहास एवं अभद्र टिप्पणी का अंचल वासियों एवं कांग्रेस जनों ने तीव्र विरोध तथा आक्रोश प्रकट किया है। कांग्रेसियों ने कहा कि अपने इस दुष्कृत्य पर पर्दा डालने एवं विरोध के आवाज को दबाने सत्ता के ताकत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी को झूठे आरोप में फंसा कर आवाम को डराने का प्रयास किया जा रहा है जिसकी जितनी भी निंदा किया जाए कम है। फिंगेश्वर कांग्रेस जनों तथा ग्रामीण जनों ने एक बैठक में निर्णय लेकर शाह के वक्तव्य का निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किए। निंदा प्रस्ताव तथा विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ओम प्रकाश बंछोर, बिसौहा हरित, हरिशंकर श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सूर्यवंशी, रामकृष्ण तिवारी, डोंगर सिंह मरकाम, अनिल चंद्राकर, कमलेश यदु, अतुल श्रीवास्तव, करीम खान, टिकेश साहू, जेठू बंजारे, रामाधीन साहू, देव कुमार गिरदे, कृष्णा ध्रुव, हीरामन ध्रुव, मोहन सोनवानी, सिरोहन निषाद, कुंज लाल यादव, नेमीचंद बंजारे, सुग्रीव चक्रधारी, मनीराम ध्रुव, युवराज सिन्हा, राज ऋषि टंडन, सुनीता श्रीवास, अनसुईया यदु, गुंजा सोनी आदि शामिल थे।

# जिन विषयों पर पहल चाहते हैं उसे अपने ऊपर लागू करें : दरयानी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम**

■ श्री सिंध पंचायत नवापारा द्वारा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

श्री सिंध पंचायत सम्मान समारोह के अवसर पर साई श्री झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वीप प्रजवल्लन कर सामूहिक आरती की गई। स्वागत के पश्चात श्री सिंध पंचायत के अध्यक्ष नंदलाल सायरानी ने स्वागत भाषण दिया। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंध पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा , महामंत्री बलराम आहूजा, उपाध्यक्ष राजा जेठानी, उपाध्यक्ष अजीत मोटवानी, सचिव अमर चांदनानी, टीकम साधवानी, सदस्य वरल्यानी, विनोद संतवाणी सहित राजिम के अध्यक्ष ताराचंद मेघवाणी सहित समाज के नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी का शाल श्रीफल से सम्मान किया। पंचायत की ओर से स्मृति चिह्न दिया गया इस अवसर पर समाज के युवाओं द्वारा समाज में व्याप्त कुछ



गुरुत्व की ओर भी प्रदेश अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कर उचित पहल का निवेदन किया जिसमें मानसी पंजवानी, डेजी लाहोरी, कुमारी शालू गोविंदानी, अनिल छाबड़ा , कमल नागवानी ने अपने विचार रखें।



**संविधान पुस्तक का हुआ विमोचन-** महेश दरयानी ने कहा कि हम बदलेंगे युग बदलेगा सबसे पहले हम जिन विषयों पर पहल करना चाहते हैं उन्हें अपने ऊपर लागू करना होगा और जब हम सब अपना दायित्व निभाएंगे तो निश्चित ही समाज में सिंधी भाषा की बात हो वैवाहिक अवसर पर बढ़ रही कुरीतियों की बात हो धर्म परिवर्तन की बात हो या प्रीवेडिंग शूटिंग जैसे विषय हो इसमें अपने आप सुधार आ जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सिंह समाज नवापारा द्वारा समाज के लिए बनाए गए संविधान के पुस्तक का विमोचन भी अतिथियों के हाथों करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंध पंचायत के अध्यक्ष नंदलाल सायरानी, आसन दास सेवानी, अशोक नागवानी, किशन राजपाल, ईश्वर जगवानी , महेश लालवानी, सुरेश नागवानी, सुंदर पंजवानी, हीरानंद नारवानी, जवाहर जीवनानी, गोविंद राजपाल, संजय भाषाणी, भूषण मेघवानी, राकेश मध्यानी, कमल नागवानी, ठाकुरदास सायरानी, नानक खुराना, नानकराम गोविंदानी, प्रताप राय छाबड़ा, श्याम आडवाणी, भीष्म जीवनानी, गांधी गूनानी, कोमल गुनानी, बृजलाल सेवानी , विष्णु सेवानी, विक्की नारवानी, गुड्डी नारवानी, अंकित मेघवानी, सचिन सचदेव, दीपेश राजपाल, प्रवेश राजपाल ,मंथन मध्यानी, सूरज छाबड़ा, मयूर साधवानी, नीरज साधवानी, करण आयल सिंघानी, उत्तम लालवानी, दिनेश चंदानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# दलहन की उन्नत खेती के लिए रामाधार सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा**

शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जैविक किसान मेला सह सम्मेलन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम किरवई में किया गया। उक्त कार्यक्रम मे अंचल के सक्रिय कृषक रामाधार साहू सेंदर को चना व सरसों फसल की उन्नत खेती के लिए विधायक राजिम रोहित साहू ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं सम्मेलन में उपस्थित किसानों से दलहन तिलहन की खेती वृहत स्तर पर करने की अपील की, ताकि प्रदेश दलहन तिलहन पर आत्मनिर्भर बन सके। गौरतलब है की कृषक रामाधार साहू सेंदर पहले केवल धान की खेती दोनों मौसम मे किया करते थे परन्तु कृषि विभाग फिंगेश्वर की सलाह से रबी मे उन्होंने सरसों व चने की फसल की उन्नत खेती की जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हुई है। उक्त कार्यक्रम में चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य जिला गरियाबंद, भुनेश्वरी साहू जनपद सदस्य, कमल सिन्हा पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल, महेश यादव उपाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद यथार्थ शर्मा कृषि विभाग के जिला, विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले की बलौदा पुलिस ने बाइक से गांजा ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 किलो गांजा (कीमत 80 हजार रुपए) बरामद किया गया है। मामले में पकड़े गए युवकों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की गई।पुलिस ने बताया कि 22 दिसंबर को सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति एक काले रंग की बिना नंबर मोटरसायकल होंडा एसपी-125 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद फारेस्ट नाका सिरपुर जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिया के मोटरसायकल में 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिन्हें रोका गया। दोनों बीच में सीट के उपर एक काला कलर का पिट्ठु बैग रखे थे, बैग के सामान के संबंध में पूछताछ करने पर गोल-मोल जबाव देने लगे। उक्त दोनों व्यक्ति को नाम पता पूछने पर वाहन चालक ने अपना नाम नीलेश साव पिता अश्वनी साव (22 वर्ष) वार्ड नं. 13 मरार गली तालापारा, बिलासपुर (छग) तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार बारीक पिता राजेंद्र बारीक (22 वर्ष) वार्ड नं. 15 महलपारा, सरायपाली जिला महासमुंद (छग) का होना बताया।

## पेज 9 के शेष...

### प्रतिबंध के बावजूद...

कृषि विभाग ने एडवाइडरी जारी है। इसमें पैरा जलाने से नुकसान के साथ ही इसके सुदपयोग की जानकारी दी गई है। आमतौर पर किसान दूसरी फसल की तैयारी की जल्दी में पैरे को जला देते हैं। साथ ही वे पैरे को हटाने में पैसे खर्च नहीं करना चाहते हैं। इसलिए भी पैरा जलाते हैं। पैरा जलाने की घटनाएं जिले में घट चुकी है। कृषि विभाग ने जारी एडवाइजरी में बताया गया कि पैरा जलाने से वायु मण्डलीय प्रदुषण बढ़ता है, इसके जलने से कार्बन मोनो ऑक्साइड, मिथेन, पालीसाइक्लीक एरोमैटिक हाईड्रोकार्बन और वाष्पशील कार्बोनिक यौगिक जैसी विषैली गैसों का उत्सर्जन होता है। इस प्रदूषण के आसपास के क्षेत्रों में स्मौग या धुस कोहरे की मोटी परत तैयार होती है जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ते हैं जैसे कि त्वचा और आंखों में जलन से लेकर गंभीर हृदय और स्वास्थ्य संबंधी रोग देखने को मिलते हैं। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय के एक नोटिफिकेशन अनुसार पैरा जलाने पर जुर्माना का प्रावधान है। अब 2 एकड़ से कम जमीन पर 5000 रुपए का जुर्माना लगेगा। दो से पांच एकड़ तक 10,000 रूपए और पांच एकड़ से ज्यादा जमीन वालों से 30,000 तक जुर्माना है।

### लोगों को ...

उनकी समस्याओं को जानने एवं निराकरण की दिशा में कार्य करने को कहा।

**अच्छे कार्यों को संकलित करने पर चर्चा हुई-** कार्यशाला में जिले की उपलब्धियों जैसे गौरव गरियाबंद अभियान, डायलिसिस यूनिट एवं लोक संवाद जैसे कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। इसके अलावा विजन-2024 के अंतर्गत जिले में गुड प्रेक्टिस एवं अच्छे कार्यो को संकलित करने के बारे में चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को नवाचार की दिशा में कार्य करते हुए जिले को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका अदा करने के निर्देश दिये। कार्यशाला में विभिन्न अधिकारियों ने भी सुशासन सप्ताह के संबंध में अपने विचार प्रकट किये। साथ ही बेहतर कार्य एवं परिणाम के लिए अपने अनुभव साझा किये। इस दौरान बैठक में डीएफओ लक्ष्मण सिंह, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभाग प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

### शहर में 31 को...

लक्ष्मी, वासनी, मुस्कान, छाया,ईशा ,चंचल, तनिसा, नेहा, दुर्गा, शीतल, साक्षी, अंजली लगे हुए है।

**कानपुर उत्तर प्रदेश की निकलेगी झांकी-** श्री काबरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पहली बार नगर के सर्व समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान 29 दिसंबर को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। 29 एवं 30 दिसंबर की शाम बालाजी उत्कर्ष झांकी कानपुर उत्तर प्रदेश की झांकी निकलेगी। 31 दिसंबर मंगलवार को 11 बेटियों का आदर्श विवाह एवं 1 जनवरी को दोपहर 2 बजे विशाल हनुमान चालीसा स्वाहा, स्वाहा महापाठ के साथ होगा। ये सभी आयोजन शहर के सुप्रसिद्ध श्रीराधाकृष्ण मंदिर में सम्पन्न होगा। मालूम हो कि इस समिति द्वारा पिछले साल 9 गरीब बेटियों का सामुहिक विवाह कराया था। समिति के काम को नगरवासियों द्वारा सराहा गया है। अभी ठंड के दौरान भी गरीबों को कंबल वितरण किया गया। समय-समय पर दुखियों और पीड़ितों के संदर्भ में कोई जानकारी सामने आती है तो यह समिति सहायता और मदद के लिए तत्काल तत्पर रहते है।

# शाकंभरी सेवा संस्थान ने किया किसानों का सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)।**

सोमवार को राष्ट्रीय किसान दिवस पर छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने परसदाखुर्द धान खरीदी केंद्र में किसानों को तिलक व गमछा भेंटकर किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए सरपंच विष्णु राम नागेश ने कहा किसानों को धरती का भगवान का दर्जा दिया गया है। वहीं जिले के समाजसेवी मनोज पटेल ने कहा की हम सदैव किसानों के सुख-दुख में साथ खड़े हैं। किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही शासन की योजनाओं से वंचित किसानों को लाभ दिलाने प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर महेश राम पीपरहटठा, प्यारीराम खुडियाडीह, पानसिंग पिपरहटठा, महादेव परसदा, पीलसिंग पिपरहटठा, नारायण लाल बोडराबांधा, पेश राम बोडराबांधा, शरीफ मोहम्मद खुडियाडीह, नन्दलाल खुडियाडीह, चोवा लाल परसदा, दशरथ बोडराबांधा, कलीमुदीन पिपरहटठा, देवराम पिपरहटठा, आनंदराम खुडियाडीह, रुमेश कुमार देवगाव, रामजी खुडियाडीह, रैनसिंग बोडराबांधा, रामेश्वर परसदा, भुवनलाल पिपरहटठा, देवलाल पिपरहटठा, सरपंच विष्णु राम नागेश व किसान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### राजिम में राजकुमारी का हुआ भव्य स्वागत

**राजिम।** तिरुवंतपुरम में विश्व प्रसिद्ध पद्मनाभ मंदिर बनाने वाले त्रावनकोर के राज परिवार ट्रस्टी राजकुमारी पद्मश्री एचएच अश्वथी थिरूनल गौरी लक्ष्मी सोमवार को राजिम के सुप्रसिद्ध श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न रियासत से पधारे राज परिवार के सदस्य बस्तर राजकुमार कमलभंज देव एवं उनके परिवार के सदस्यों, राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी विवेक शर्मा, राजीव बोथरा , सुब्रत, अधिकारी, कर्मचारी गणों व राजीवलोचन मंदिर के सर्वराकर एवं पुजारीगणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा द्वारा गौरीलक्ष्मी को ईश्वरीय सौगात भेंट किया गया।

### नायकबांधा में पंथी नृत्य स्पर्धा आज से

**अभनपुर।** सतनाम युवा मंडल एवं सतनामी समाज नायकबांधा के तत्वाधान मे दो दिवसीय राज्य स्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं गुरु घासीदास जंयती समारोह का आयोजन 24 से 25 दिसंबर तक आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में रात्रिकालिन भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहनी गुईयां हेमलाल चतुर्वेदी बेमेतरा की टीम द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। द्वितीय दिवस रात्रिकालिन सुरता के झंकार अमितकमल कोसले कवर्धा वाले की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम मे पंथी नृत्य प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 17001, द्वितीय 11001, तृतीय पुरस्कर 8001, चतुर्थ 7001, पंचम 4001 इसी तरह महिला संवर्ग मे प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001 प्रदान किया जायेगा।

# अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करें और निर्माण कार्यों में तेजी लाएं : कलेक्टर

## बैठक में लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने, अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए आबकारी विभाग को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध शराब की शिकायत मिलती है, तो तुरंत कार्रवाई कर दोषियों पर शिकंजा कसा जाए। बैठक में निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन सड़कों, पुलों और भवनों को तय समय में पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी न की जाए और सक्रिय मॉनिटरिंग के जरिए समय पर इन्हें पूरा किया जाए ताकि जनता को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके।



### पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ

कलेक्टर ने सभी योजनाओं से छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे सूची के आधार पर वंचित लोगों की पहचान कर उन्हें आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-केवायसी और राशन कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाए। बैठक में डीएफओ लक्ष्मण सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय, एसडीएम, जनपद सीईओ और विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विभागों से कहा कि विकास कार्यों और जनहित योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए तय समय में पूरी पारदर्शिता और तत्परता से कार्य करें। जिले में प्रशासन की यह सख्ती विकास और जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

### बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने में लाएं गति

स्कूली बच्चों के जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र निर्माण में प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हर सप्ताह समीक्षा करने और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कोर्ट के लंबित प्रकरणों, जनशिकायत और सीपी ग्राम जैसे मामलों का जल्द समाधान करने का आदेश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें और समय पर कार्यालय पहुंचकर विभागीय कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

## विडंबना : दुकानदारों के कचरा फेंकने का डस्टबीन बना डिवाइडर

# डिवाइडर में मलमा डालकर लगा दिए पौधे, अब केवल ठूंठ ही रह गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

यातायात को बेहतरीन एवं सुलभ बनाने ग्राम कुर्रा से राजिम पुल तक सड़क चौड़ीकरण का काम जरूर किया गया है मगर जो डिवाइडर बनाया गया है वह कहीं से भी आकर्षक नजर नहीं आ रहा है। कारण भी साफ है। इस डिवाइडर के बीच में टोटल मलमा लाकर डाल दिया गया है। मलमा के ऊपर बारिशकाल में पौधा रोपणे की नौटंकी कर लोगों की आंखे मूंदने का काम ठेकेदार ने किया जरूर मगर एक भी पौधा नजर नहीं आ रहा है। अब यह डिवाइडर आस पड़ोस के दुकानदारों के कचरा फेकने का काम आ रहा है। क्योंकि डिवाइडर के बीच न तो पेड़-पौधे है और न ही डिवाइडर के ऊपर लोहे का जाली एंगल ही लगाया है। तीन साल पहले के शुरू किए गए इस काम में जरा भी ठिकाना नही है। रोड भी कई जगहों से आधे-अधूरे पड़े हुए है। ठेकेदार काम बंद कर गायब है। ठेकेदार का कोई भी मशीनरी सामान अब शहर में नजर नहीं आ रहा है। इससे लोगों को आशंका है कि ठेकेदार काम बंद कर यहां से चला गया है।





### हरियाली की जगह बंजर दिखाई दे रहा डिवाइडर

जानकारों की माने तो इस डिवाइडर के बीच पौधे रोपे गए लेकिन सुरक्षा के लिए फेंसिंग की व्यवस्था नहीं की गई और न ही पानी डालने की व्यवस्था। फलस्वरूप सारे पौधे सुखकर मर गए। ताज्जुब की बात यह है कि 2 फीट के डिवाइडर में मिट्टी की जगह मलमा डाल दिया गया और तो और पुराने सड़क से उखाड़े गए डामर वाले मलमा को भी डिवाइडर में डालकर उस पर पौधे रोपे गए। वर्तमान में स्थिति यह है कि रोपे गए पौधों में कही-कही एकाद पौधे दिख रहे है। जो पौधे दिख रहे है वे ऐसे पौधे बचे है जिसे पशु नहीं खाते या बिल्कुल भी पानी की जरूरत नहीं होती। मार्ग के मध्य डिवाइडर में हरियाली की जगह बंजर दिखाई दे रहा है। कही- कही कंटीली झाड़ियां जरूर उग आई है। इस तरह से घोर लापरवाही की गई है।

# ग्रामीणों ने पुलिस से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिगेंश्वर थाना एंव ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलर में अवैध कच्ची शराब निर्माण और विक्रय से ग्रामीण के लोग काफी परेशान हो गए है। गांव के बिगड़ते माहौल को लेकर पूर्व में भी महिलाओं साथ ग्रामीणों ने पुलिस में शिकायत की। लेकिन फिगेंश्वर थाना एंव जिला आबकारी विभाग अधिकारी की शिथिलता के चलते शराबखोरी की प्रवृत्ति लगातार बढ़ने से बेलर के ग्रामीण चिंतित हैं। गांव के चौक चौराहों का माहौल भी बिगड़ रहा है। ऐसे में 21 दिसंबर को सतनामी पारा बेलर के 40 ग्रामीण पुलिस थाना फिगेंश्वर पहुंचे और जल्द इस शराबखोर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार नाम का भी उजागर किया गया जिससे उन कच्ची शराब बनाने वाले की शिकायत पर पुलिस से छापा मारकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं जानकारी में बेलर के मुर्गी कटिंग दुकान में शराब बेचने एवं सेवन



समाग्री, बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सतनामी समाज द्वारा उठाए गए इस साहस की क्षेत्र की ग्रामीणों प्रशंसा कर रहे हैं। ईश्वर रात्रे बेलर ने कहा कि बेलर सहित क्षेत्र के चरौदा, जोगीडीपा कुण्डेल में अधिकाधिक अवैध शराब की बिक्री हो रहा है। पूरा क्षेत्र में शराब कोचिया का जाल फैला हुआ है। इन सब की लिखित सूचना 21 दिसंबर को सतनामी पारा से 40 व्यक्ति पुलिस थाना फिगेंश्वर पहुंच कर दिया गया है।

### कार्रवाई की जाएगी

इस मामले पर रघुवर राठौर जिला आबकारी विभाग अधिकारी गरियाबंद ने कहा की जैसे ही क्षेत्र में प्रवेश करते हैं कोचिया मोबाइल से सूचना दे देते हैं। जिससे वो बच जाते हैं। अब योजना बद्ध तरीके से रेड किया जायेगा। मांग करने वालो में ईश्वर रात्र सतनामी समाज संरक्षक, भुवन घृतलहरें, नुरेश रात्रे, सुरेंद्र रात्रे, अवध रात्रे, घासी घृतलहरे, बिहारी टंडन, हीरालाल कोसरे, सोमन रात्रे, हीरा सिंह घृतलहरें, छविलाल, आनंदराम, पुनीत राम कोसले, हेमलाल बनकर धणेश घृतलहरें, रेवत राम, ओम प्रकाश, तुलस, जीवन सूर्या, सत्यनारायण, बिगेश्वर बनकर, ताकेश्वर, नरेंद्र रात्रि, भागवत, भोजराम, जगनु राम,नोहर, चुन्नू, राजकुमार, धर्मेंद्र, मनोज, कुलेश इत्यादि शामिल हैं।

### रविवार को हुई साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक

# साहू समाज की बैठक संपन्न, सात जनवरी को निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम




7 जनवरी को आयोजित होने जा रहा राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह की तैयारी को लेकर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक रविवार को साहू छात्रावास परिसर में रखी गई थी। जिसमें विधायक रोहित साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, रघुनंदन साहू, शारदा लोकनाथ साहू, हलधर साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गौरीशंकर साहू, संरक्षक देवनाथ साहू, संजय प्रकाश चौधरी, रूपेंद्र साहू,बोधन साहू, लक्ष्मी साहू, तहसील अध्यक्ष रामजी साहू, ब्रह्मानंद साहू ,समिति के अध्यक्ष लाला साहू की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान समाज के लोगों से विधायक रोहित साहू ने कहा कि जयंती समारोह में समाज के सभी लोग अपना काम धाम बंद कर अवश्य शामिल हो। गांव-गांव प्रचार-प्रसार हो एवं भव्य शोभायात्रा भी निकाले जाने की बात कही। प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि वर्षों से भक्त माता राजिम जयंती मनाया जा रहा है। पूरे प्रदेश भर में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। महामंत्री हलधर साहू ने कहा कि जयंती महोत्सव को सफल बनाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना है। बैठक में उपस्थित समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू ,नेतराम साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू,होरीलाल साहू, रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष भोले साहू ,महासचिव लोकनाथ साहू ,श्याम साहू, हेमलाल, मिंजुन साहू, अंकेक्षक उमेंदी साहू, महिला प्रकोष्ठ संयुक्तसचिव सुनीति साहू, विशेष आमंत्रित सदस्य मेघनाथ साहू, लाला राम साहू, न्याय प्रकोष्ठ सदस्य बालाराम साहू ,समिति के महामंत्री रामकुमार साहू, डॉ. दिलीप साहू,संगठन मंत्री रविशंकर साहू ,डॉ ओंकार साहू, विष्णु साहू ,राजू साहू ,किशन साहू, छवि साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, गोवर्धन साहू ,भुवन साहू ,तेंदुकोना उपाध्यक्ष ओंकार साहू ,पुरुषोत्तम साहू ,सचिव प्रताप साहू ने 7 जनवरी भक्तिन माता राजिम जयंती समारोह के संबंध में अपना विचार रखा। बैठक में भगवताचार्य भूमिका साहू, श्रद्धा पुरेंद्र साहू, बबीता साहू ने मातृ शक्तियों से जयंती समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने अपील किया। इसके साथ ही जयंती समारोह को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर भी बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से साहू सृजन पत्रिका, के संपादक माखन साहू, सह संपादक सुंदर साहू ,किसान नेता चंद्रिका साहू, नंदलाल साहू, चिंतामणि साहू, रामगुलाल साहू, सुभाष साहू, टीकम साहू, नीलांबर साहू, दिनेश साहू, जितेन साहू, ब्रिज साहू, अमृत साहू, तरुण साहू, मितेश साहू एवं समस्त प्रकोष्ठों के संयोजक , जिला साहू संघ गरियाबंद, धमतरी ,महासमुंद ,रायपुर के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के महासचिव लोकनाथ साहू ने दी।

### धूमधाम से मनाया गया सेंट विसेंट पल्लोटी स्कूल में वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सेंट विसेंट पल्लोटी अंग्रेजी माध्यम एवं फादर आदम मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल हिंदी माध्यम गातापार अभनपुर में वार्षिक उत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा एकल व सामूहिक नृत्य के माध्यम से मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुती दी गई। वार्षिक उत्सव मे बीईओ धनेश्वरी साहू, प्राचार्य बसिल कुजूर (अंग्रेजी माध्यम), प्राचार्य मधु तिवारी (हिंदी माध्यम) एवं स्कूल प्रबंधक संतोष बड़ा ने बच्चो को पढ़ाई के साथ अन्य विधाओ में रूचि लेने व लक्ष्य केन्द्रित कर मेहनत करने प्रेरित किया। विशेष रूप मे उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच गातापार बसंत कोसरे, श्री डी एल यादव, विपिन किशोर मिंज ,डॉ हेलेना, शांति प्रकाश पन्ना, दिलीप लकरा, अमित तिर्की, श्रीपति अजगर, केएस मिश्रा, एलके तारक व अभिभावकगण, वरिष्ठजन, स्कूल स्टॉफ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# तेंदुए के हमले में घायल व्यक्तियों को विधायक ने दी आर्थिक मदद

**गरियाबंद।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत बारुका में तेंदुए के हमले से घायल हुए दो व्यक्तियों का कुशलक्षेम जाना और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की। हाल ही में हुए इस हमले में बारुका निवासी मनहरण यादव और कुमारी रश्मि विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। विधायक रोहित साहू ने घटना के तुरंत बाद तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कराई। उनके प्रयासों से दोनों मरीजों का समय पर



उपचार संभव हो सका। विधायक साहू स्वयं लगातार उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहे और यह सुनिश्चित किया कि घायलों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सोमवार को विधायक साहू स्वयं बारुका पहुंचे और दोनों घायलों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक घायल को 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही, आगे के इलाज के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश भी दिए। इस दौरान उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित, भीम निषाद, यश मिश्रा, और टिकेश्वर पटेल सहित कई स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। उन्होंने भी घायलों के परिवारों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।




न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202412221800042 अ-2/2024-2025
ग्राम-अमलीपदर, तहसील-अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश मेहेर पिता श्री घेनुराम मेहेर, जाति कोस्टा, निवासी ग्राम अमलीपदर, तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अमलीपदर. प.ह.नं. 08 तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 614 / 2 रकबा 0.04 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05/12/2224 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मैनपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202412221800055 अ-2/2024-2025
ग्राम-भेजीपदर, तहसील-अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लोकनाथ मांझी पिता श्री लाल सिंह मांझी जाति गोंड़, निवासी ग्राम-भेजीपदर, तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अमलीपदर. प.ह.नं. 12 तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 84/4 रकबा 0.04 हे. में से 0.02 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05/12/2224 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मैनपुर

# फणीकेश्वर नाथ कॉलेज के सेमिनार हाल में रक्तदान शिविर आज

**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब,इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी तथा जिला ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में सिकलिंग, थैलेसीमिया एवं ब्लड कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए एक दिवसीय स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 24 दिसंबर को सेमिनार हाल, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में किया गया है। इस शिविर में स्वयंसेवकों, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ के अलावा कोई भी युवा तथा आमजन अपनी स्वेच्छा से इस महादान एवं पुण्य कार्य में समय सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक सम्मिलित हो सकते है। इस कार्यक्रम के लिए स्वयंसेवकों द्वारा सभी जनपद पंचायत फिंगेश्वर मे जनपद अध्यक्ष



पुष्पाजगन्नाथ साहू, सिंचाई विभाग मे जिला पंचायत के सभापति मधुबाला रात्रे द्वारा रक्तदान शिविर का आमंत्रण दिया गया है। इसी प्रकार स्वयंसेवको के द्वारा फिंगेश्वर पुलिस थाना में थाना प्रभारी पवन वर्मा को रक्तदान कराने आमंत्रित किया हैं। इसी प्रकार अन्य शासकीय दफ्तरों, गांवों एवं आसपास के क्षेत्रों में रक्तदान करने के लिए मुनादी कराकर अनुनय-विनय किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे से संपर्क किया जा सकते है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी बंद, कांग्रेस नेताओं ने किया खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने धान खरीदी केन्द्र मैनपुर नाउमुड़ा, गौरघाट, जिड़ार आदि केन्द्रों का निरीक्षण किया। जहां धान खरीदी कार्य बंद मिला। कांग्रेस नेताओं के पूछने पर उपस्थित समिति प्रबंधकों ने बताया कि परिवहन नहीं होने के कारण धान खरीदी केन्द्रों में जगह की कमी है और बारदाना खत्म हो चुका है जिसके कारण धान खरीदी कार्य नहीं हो पा रहा है। इस दौरान धान खरीदी केन्द्र में किसानों ने कांग्रेस नेताओं को बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था का आलम है धान का परिवहन नहीं हो रहा है। ऑनलाईन टोकन काटने में भारी परेशानी आ रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गैंदू यादव, निगरानी समिति के सदस्य थानुराम पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, डोमार साहू, खेलन साहू, अशोक दुबे, नेयाल नेताम आदि कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

### बेटी के जन्मदिन पर शिक्षिका ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**छुरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुड़ियाडीह में पदस्थ शिक्षिका लुनेश्वरी दीवान ने अपने एवं सुपुत्र के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों को केक, जलेबी व नमकीन आदि खिलाकर जन्म दिवस मनाया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने भी बच्चों को न्योता भोज दिया। साथ ही न्योता भोज के कार्यक्रम में आम लोग एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का भी योगदान मिला। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष महादेव, विशाल, मोहनी बाई, मनटोरा बाई, लूतन विशाल, शाला परिवार से शिक्षक हुलेश साहू, दीवान मैडम, यूनुस खान, तेजराम साहू, शरीफ मोहम्मद कुरैशी, सरफुद्दीन साहिल, जोहत राम पटेल राजकुमारी भोज सोनिया कुमारी बाई आदि उपस्थित थे।

### वनांचल में आज भी हो रही है पारंपरिक तरीके से धान मिंसाई

**मैनपुर।** वनांचल के कई ग्रामों में



आज भी पारम्पारिक तरीके से बेलन और दौरी के माध्यम से धान की मिजाई करते असानी से लोग दिखाई देते है। वर्तमान में अत्याधुनिक टेक्नोलाजी और मशीन से हर कार्य सम्पन्न हो रहे हैं। जो समय के बचत अधिक परिश्रम नहीं लगने का पर्याय माना जाता है। लेकिन पैसा का खर्च अधिक होता है। परन्तु कुछ किसान अब भी पैसों के बचत करने और शरीर को स्वस्थता बनाए रखने उक्त विधि अपनाएं रखें हैं। खास कर देशी और पतला धान जिसका उपयोग किसान अपना स्वयं के खाने के लिए करते हैं ऐसे धान की मिजाई आज भी दौरी से किया जाता है।

### पिटियाझर में आज विविध आयोजन

**महासमुंद।** संत बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर शहर के पिटियाझर में 24 दिसंबर को विविध आयोजन होंगे। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मारकंडे एवं राजू चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी उत्तरा प्रहरे एवं सतनामी समाज के सदस्यों ने दी है।

# महतारी वंदन से मिलने वाली राशि से आत्म निर्भर हो रही हैं महिलाएं : नूरमती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक भवन में सोमवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा स्तरीय महतारी वंदन हितग्राहियों का सम्मान समारोह का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग मैनपुर द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान जहां एक ओर महिलाओं को साल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं दूसरी ओर महिलाओं के लिए विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता मे भारी उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष नुरमती मांझी, जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, जिला पंचायत वन सभापति धनमती यादव, जनपद पंचायत मैनपुर के उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने भारत माता की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नुरमती मांझी ने कहा की छत्तीसगढ़ में जबसे भाजपा की सरकार बनी है तब से यह सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूरों के हितों मे लगातार कार्य कर रही है। इस योजना से महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है। महिलाएं आत्म निर्भर हो रही है। पंडित योगेश शर्मा ने कहा की योजना से मिलने वाली राशि के उपयोग के संबंध में उपस्थित माता बहनो से पूछा तो महिलाओं ने इस योजना के तहत मिलने वाली राशि से विभिन्न प्रकार के आर्थिक रूप से सक्षम बनने के दिशा मे महत्वपूर्ण बताया।

## महतारी वंदन हितग्राहियों के सम्मान समारोह में हजारों की संख्या में शामिल हुई क्षेत्र की महिलाएं

### योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला बाल विकास अधिकारी दीपा शाह ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाएं जैसे पोषण आहार, कुपोषण मुक्त अभियान, बाल विवाह मुक्त समाज, सामुहिक विवाह, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, संखी सेंटर सहित अनेक योजनाओं के बारे में बताया साथ ही ज्यादा से ज्यादा इन योजनाओं का लाभ लेने अपील किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व




पंकज डाहिरे, जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवभोग रवि कुमार सोनवानी, परियोजना अधिकारी मैनपुर पंचूराम ठाकुर, परियोजना अधिकारी गरियाबंद चन्द्रहास साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी दिनेश कुमार सांडिल्य, पर्यवेक्षक नीता अवधिया, लीलावती सेन, कुमारी साहू, पदमिनी सिन्हा, कविता ठाकुर, सोहागा चन्द्राकर, दशमत भारती, पुष्पा ध्रुव, गीतांजली सिन्हा, इन्द्राणी बंजारे, कुन्ती ध्रुव, रूकमणी साहू, सुन्दर ठाकुर, धने"वरी यादव, सुनील पटेल, गोपाल कंवर, नाजिया हसन, संजय कर्माकर, हेमलाल प्रधान, ओमे"वरी कंवर, हेमिन निर्मलकर, बिलासो ध्रुव, एवती क"यप, लक्ष्मी कश्यप, कमला यादव, ललिता नेगी, रूकमणी साहू, रेखा यादव, खिलेश्वरी ध्रुव, कौशिल्या नागेश, गायत्री ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या मे महिलाएं उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य शिविर के साथ साथ पोस्ट ऑफिस द्वारा सुकन्या समृध्दि योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डोमार पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी पंचूराम ठाकुर ने किया।

## समारोह : टिनशेड के लिए बृजमोहन ने सांसद मद से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की


# गुरु घासीदास ने समाज को सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम कुर्रा में रविवार को सतनाम पंथ के पथ प्रदर्शक संत बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक इंद्रकुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नवापारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, डॉ. उमेश भोई मौजूद थे। इस अवसर पर समाजिकजनों द्वारा मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल व विधायक इंद्रकुमार साहू ने सर्वप्रथम बाबा जी के जैतखाम में पूजा-अर्चना की और बलिदानी गुरु बालकदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बाबा गुरुघासी दास के द्वारा बताए मनखे-मनखे एक समान के विचार समस्त मानव समाज के लिए सीख हैं। बाबा गुरु घासीदास ने समाज को सत्य, समरसता और एकता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम समाज का उत्थान कर सकते हैं। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज के विकास के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। उनके बताए विचार आज भी जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करता हैं। उन्होंने इस दौरान अपने कार्यकाल और भाजपा सरकार में सतनामी समाज के लिए किये गए विकास कार्यों और प्रयासों की बाते भी बताई। समाज की मांग पर टीनशेड के लिए सांसद मद से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।







### नशा व अन्य कुरीतियों से दूर रहे : इंद्रकुमार

इस अवसर पर अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार ने समाज को नशा व अन्य कुरीतियों से दूर रहने तथा बाबा गुरू घासीदास के बताए मार्ग पर चलने की बात कहीं। समाज की ओर से अतिथियों का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। वही समाज सहित गाँव के होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच गोवर्धन तारक, पूर्व सरपंच डामेश साहू, नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गंगवाल, जिला मंत्री परदेशी राम साहू, जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, सरपंच बसंत कोसले, मुकेश ढीढी, जनीराम यादव, गीता बाई गिलहरे, कुलेश्वर घृतलहरे, सहित अन्य उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में कुर्रा सतनामी समाज के वरिष्ठ हृदयराम गिलहरे, रामप्रताप गिलहरे, मनहरण गायकवाड़, गोविंद ओगरे, अध्यक्ष संदीप गिलहरे, गजेंद्र गिलहरे, महेंद्र गिलहरे, कविता गिलहरे, सरिता गिलहरे, धनेश्वरी गिलहरे सहित समाज के लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# राकेश वाचस्पति सारस्वत सम्मान से हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम जिड़ार निवासी राकेश कुमार साहू को उनकी वित्तीय प्रबंधन एवं समाजसेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए शोधकार्यों, समाज सेवा पर्यावरण जागरूकता आदि कार्यों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्या पीठ मथुरा धाम वृंदावन द्वारा विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान दिया गया। यह मानद सम्मान विद्यापीठ के ब्रांड एंबेसेडर डॉक्टर विश्वनाथ ने राकेश कुमार साहू को प्रदान किया। विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान प्राप्त कर राकेश कुमार साहू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ कुलपति पद्मश्री डॉक्टर इंदूभूषण मिश्र, डॉक्टर प्रदीप तिवारी, ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्राही का आभार व्यक्त करते हुए वित्तीय प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण सहित समाज सेवा के कार्यों में जुटे रहने का संकल्प व्यक्त किया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, संतोष यादव, दुलार सिन्हा, रामस्वरूप साहू, दिलीप साहू, मोहित द्विवेदी, महेन्द्र सोनी, तुलसी राठौर, नरोत्तम साहू, लखनगिरी गोस्वामी, बाबूलाल साहू, महेश कश्यप, रूपेश साहू, पुलस्त शर्मा, मोहन कुशवाहा, विजय बहादुर परिहार, प्रदीप शर्मा, रामदास वैष्णव, तिजूराम सिन्हा, पुनीत राम व वेणुधर प्रधान हैं।

# सेन्दबाहरा क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में शामिल हुए संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा के आश्रित ग्राम सेन्दबाहरा में शीतला क्रिकेट क्लब द्वारा टेनिस बॉल फटाफट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम शामिल हुए तथा समापन समारोह के फाइनल मैच का विधिवत शुभारंभ किया। नेताम ने कहा की हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए, स्वस्थ रहने के लिये भी हमें खेल खेलना जरूरी है, मानसिक-शारीरिक संतुलन के लिए खेल अतिआवश्यक है। कोई भी खेल हो उसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में हार जीत दोनों होगा। एक टीम हारती है तो दूसरी टीम जीतती है। कोई भी टीम व खिलाड़ियों को हार से मायुस नहीं होना चाहिए। हम सभी जीतने पर जिस प्रकार से खुशियां मनाते हैं ठीक उसी प्रकार अगर हमें हार का सामना करना पड़ता है तो हमें हार से सीख लेते पुनः हमें कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रवेली और कनेसर की टीमों के मध्य खेला गया जिसमें रवेली की टीम ने फाइनल जीतकर स्पर्धा पर कब्जा किया। टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर कनसिंघी व चौथे स्थान पर मेजबान सेन्दबाहरा की टीम रही। इस मौके पर नीलकमल नागेश सरपंच ग्राम पंचायत सेमरा, सामाजिक कार्यकर्ता पुनीतराम ठाकुर, उपसरपंच प्रीतराम सिन्हा, ठाकुर राम चंद्राकर, चमारसिंह नागेश, अनिल चंद्राकर, गुहन सिंह नागेश, अवधराम नागेश, खामसिंह सोरी, नंदलाल नागेश, हेमसिंह ओटी, गैदसिंह, ऋषि नागेश, शाखा राम नागेश, जितेंद्र नागेश, लोमेश, दुर्गेश सोरी, संजय नागेश, थानेश्वर सोरी, गजेन्द्र, धनेश्वर नागेश, भागवत, खेदूराम विश्वकर्मा, सुनील नागेश, तामेश्वर, लोकेश, देवेंद, मनीष, तीर्थराज, पप्पू सहित क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।





### कोमल बने लचकेरा समिति के अध्यक्ष

**छुईहा बेलर।** प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मर्यादित लचकेरा के प्राधिकृत अध्यक्ष कोमल ढीढी ग्राम खपरी निवासी को सहायक आयुक्त सहकारिता गरियाबंद उषा ध्रुव द्वारा नियुक्त किया गया है। इससे पहले कोमल ढीढी भाजपा संगठन में रहते विभिन्न पदों पर रहते पार्टी में सक्रिय हैं। परिणामस्वरूप राजिम विधायक रोहित साहू के अनुशंसा पर भाजपा शीर्ष संगठन की अनुमोदन पर प्रशासन ने अध्यक्ष की मुहर लगाई। अध्यक्ष बनाये जाने कोमल ढीढी क्षेत्र के किसान, भाजपा कार्यकर्ता के साथ राजिम विधायक रोहित साहू निवास पहूंचकर सौजन्य मुलाकात कर फूल माला पहनाकर विधायक, भाजपा संगठन, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा एवं समर्थक का अभार जताते धन्यवाद किया तो कार्यकताओं ने ढीढी को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, सरपंच सिर्रीखुर्द टीकेश साहू, चंद्रिका साहू गजेन्द्र निषाद, सरपंच प्रतिनिधि लफेदी नेहरू साहू, पूर्व सरपंच बिजली मोती निषाद, किसान जिला मोर्चा अध्यक्ष मनीष हरीत, भाजपा युवा नेता राजू साहू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, सरपंच सेंदर टिकेश्वर साहू, सुकदेव साहू, पूर्व सरपंच बेलर खोमन साहू, भुनेश्वर साहू चैतरा,अभय सिन्हा, भाजपा कार्यकर्ता व किसान शामिल थे।

# सुशासन दिवस पर वन विभाग ने गिनाई एक वर्ष की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रविवार को ग्राम रसेला के हनुमान मंदिर रंगमंच समाज भवन में वन विभाग द्वारा 22 दिसंबर को ग्राम पंचायत मेडकीडबरी, आश्रित ग्राम सुरगपानी में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित कर राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई जा रही है। इसी क्रम रसेला में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, लघु वनोपज समिति के अध्यक्ष भावसिह मरकाम उपस्थित थे। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी डुमेश्वर साहू, बीटगार्ड पुरोषोतम ध्रुवा मौजूद रहे। डिप्टी रेंजर साहू ने सरकार बनने के बाद प्रमुख रूप से किसान वृक्ष मित्र योजना अंतर्गत इच्छुक कृषक को 5 एकड़ तक की भूमि पर निःशुल्क 5000 पौधे लगाकर देने की बात कही गई है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा राशि 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपए का वितरण की जा रही है। वन क्षेत्र के हितग्राहियों को पात्रतानुसार वन अधिकार पत्रों का वितरण किया जा रहा है। वन प्रबंधन समिति एवं वन समिति अंतर्गत गठित स्व सहायता समूहों को व्यक्तिगत आय सृजन रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए चक्रीय निधि के माध्यम से 4 प्रतिशत ब्याज दर से ऋण दिया जा रहा है।



### मानव-हाथी द्वन्द को रोकने संबंधी सुझाव

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधो लगाने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वन प्रबंधन समितियों एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा मानव - हाथी द्वन्द को रोकने संबंधी सुझाव एवं हिंसक वन प्राणियों शेर, तेंदुआ, भालू, लकड़बग्घा, भेड़िया, जंगली सुअर, गौर, जंगली हाथी, जंगली कुत्ता, मगरमच्छ घड़ियाल, वन भैंसा एवं सियार के द्वारा क्षति पहुंचाने की दशा में वन विभाग द्वारा दी जा रही क्षतिपूर्ति मुआवजा की राशि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान कमलेश्वर नायक, भागवत कोमर्रा, नंदूदास मानिकपुर, योगराय नागेश, कचरू निषाद, ओमप्रकाश यादव, मेहतरू नायक, सगुन दास, पुखराज यादव, राघवेन्द्र यादव, वेदव्यास निषाद, धनेश्वर ठाकुर, शंकर लाल कुर्रे, तामेश्वर मरकाम, खेमचंद, विश्राम ठाकुर, दयाराम निषाद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया इंडियन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

इंडियन पब्लिक हाई स्कूल में 21 दिसंबर को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शानदार रहा। इस कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि लेखराज ध्रुवा, लेखनारायण सोनी, प्रदीप कुमार साहू, निषाद, देवकी बाई साहू, चित्रारेखा ध्रुव रहे। कार्यक्रम की विविधता ने सभी दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम में माता- पिता का जीवन में महत्व, देश में जवानों और किसानों का महत्व, नशामुक्ति और वृद्धा आश्रम पर नाटक ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान प्रीतम साहू, रेवेंद्र दीक्षित, प्राची साहू, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगलादेवी राजपूत, हेमलता पटेल, पद्मनी साहू, प्रेरणा साहू, मानसी ध्रुव, रागिनी यादव, यमुना नेताम, दिशा साहू, उषा यादव, सैलेंद्री साहू, जयप्रभा साहू, कीर्ति पटेल, भारती यादव, मोनिका यादव, मोनिस्का यदु, मुस्कान चंद्राकर, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, डिगेश बघेल उपस्थित थे।

